* <u>प्रेस विज्ञप्ति</u> *

<u>आनन्द कॉलिज ऑफ फार्मेसी में धूमधाम से हुआ नवागन्तुकों का स्वागत</u>

आनन्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी (शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स) में नये सत्र के बी.फार्म. एवं डी.फार्म. प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन रमन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में सभी वर्षो के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के आरम्भ में छात्राओं ने सरस्वती गीत गा कर माँ शारदा की स्तुति की तथा सभी अध्यापकगणों ने माँ शारदा के आगे दीप प्रज्वलित किये और माँ शारदा को पुष्प अर्पित किये। इसके बाद शारदा ग्रुप के **एक्सयूटिव वाइस प्रेसीडेन्ट श्री प्रदीप महाता** व **कॉलेज डीन डा. कश्मीरा जे. गोहिल** ने अपना स्वागतोपदेश दिया। **श्री प्रदीप महाता जी** ने विद्यार्थियों को अनुशासन व समय नियोजन का महत्व समझाया। उन्होनें बताया कि स्वस्थ मनुष्य ही सामाजिक व व्यावसायिक जिम्मेदारियों को सही तरीके से उठा सकता है। इसके बाद **कॉलेज डीन डा. कश्मीरा जे. गोहिल** ने नये छात्रों को आनन्द कॉलेज ऑफ फार्मेसी परिवार का हिस्सा बनने के लिये बधाई दी। उन्होनें विशेष पॉवर पाइन्ट प्रेजेन्टेशन के जरिये सभी छात्र–छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने और तरक्की करने के नुस्खे बताये।

कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष की छात्राओ इब्या सिंह, प्रीति तिवारी, ट्विकल मिश्रा, सुषमा चौहान, नेहा सिंह व छात्र सौरभ सिंह, अभिषेक आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये। अन्य वर्षो के छात्र/छात्राओं जिसमें पंकज गर्ग, नितांक अग्रवाल, सूर्यपाल सिंह, मनाली गुप्ता, कामना गेन आदि ने भी मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी। कार्यक्रम के अन्त **में बी.फार्म. प्रथम वर्ष के छात्र भाव्या अरोरा को मि. फ्रेशर तथा छात्रा इब्या सिंह को मिस फ्रेशर** एवं **डी.फार्म. प्रथम वर्ष के छात्र खुबेब को मि. फ्रेशर तथा छात्रा सुषमा चौहान को मिस फ्रेशर** के खिताब से नवाजा गया।

अन्त में सभी शिक्षकगणों ने नवागुन्तक विद्यार्थियों को फार्मेसी के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के लिये आर्शीवाद दिया तथा नवागन्तुकों d ç;kl k o mud cgrjhu çn"ku d fy; ljkgkA